हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

Board of School Education Haryana

(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

No. BSEH/SEC/2023 'प्रैस नोट' Circular No.: 12
Dated : 10.11.2023

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2023

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षा निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकुला के निर्देशानुसार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2023, लेवल 3 (PGT) की परीक्षा का आयोजन दिनांक 02.12.2023 (शनिवार) व लेवल 2 (TGT) व 1 (PRT) की परीक्षा का आयोजन दिनांक 03.12.2023 (रविवार) को करवाया जा रहा है।

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2023 के लिए आवेदन करने के लिए दिनांक 10.11.2023 तक का समय निर्धारित किया गया था। अब आवेदन करने की अन्तिम तिथि को एक दिन अर्थात दिनांक 11.11.2023 तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार अब हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2023 के लिए ऑनलाईन आवेदन दिनांक 11.11.2023 तक बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी सूचना–पत्रक (information bulletin) में वर्णन अनुसार अपने विवरणों, फोटो, हस्ताक्षर, बांए हाथ के अंगूठे के निशान, लेवल, विषय के चयन (लेवल–2 व 3) में परिवर्तन/संशोधन दिनांक 12.11.2023 को ऑनलाईन कर सकते है।

दिनांक 11.11.2023 के बाद आवेदन करने व दिनांक 12.11.2023 के बाद संशोधन/परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी व इस संदर्भ में किसी भी प्रार्थना–पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ई–मेल, पत्र व अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना–पत्रों पर भी कोई विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी ऑनलाईन संशोधन करने के पश्चात नया संशोधित पुष्टिकरण–पृष्ठ (Confirmation Page) की प्रति लेना अवश्य सुनिश्चित करे। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन संशोधन करते समय अगर किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई उत्पन्न होती है तो हैल्पडैस्क न0 9358767113 व ई–मेल आई0डी0 helpdeskhtet2023@gmail.com व चैट बॉक्स पर संपर्क कर सकते हैं।

सचिव

Scanned with CamScanner